पांचवां द्वारकालय संगीत समारोह सम्पन्न

हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। द्वारकालय सोसाइटी की ओर से दो दिवसीय पांचवां संगीत समारोह का आयोजन दिल्ली तमिल संगम आरकेपुरम में आयोजित किया गया जिसमें पहले दिन शास्त्रीय संगीत के कलाकार संगम आरकेपुरम दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें पहले दिन शास्त्री संगीत के कलाकार श्रीमती सुधा रघुरमन (वोकल) जी. ऐलनगोवन (वोकल), जी. रघुरमन (बासूकी) तथा दूसरे दिन युवा कलाकार कृष्णन नटराजन, (हिन्दुस्तानी वोकल रामपुर सहसवान घराना)

आईआईएम ग्रेजुएट में राग यमन पेश कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी वहीं नागलक्ष्मी श्रीनिवास ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति पेश की।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष के. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि उनकी संस्था पिछले पांच वर्षों से शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम दिल्ली में सफलतापूर्वक कर रही है। इन कार्यक्रमों में स्थापित कलाकारों के साथ युवा कलाकारों को भी मौका दिया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के कलाकार जीएन बालासुब्रह्मण्यम और डीके पट्टम मल को समर्पित है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

सेमेस्टर के खिलाफ अंग्रेजी विभाग ने किया झंडा बुलंद

अभय तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने सेमेस्टर प्रणाली के लिए तैयार किए गए पाठ्यक्रम को छात्रों को पढ़ाने से साफ इंकार कर दिया है। विभाग का कहना है कि पाठ्यक्रम रिवाइज के लिए विश्वविद्यालय ऑर्डिनेंस में तय मानदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में बिना तैयारी के नए सत्र से अंग्रेजी विषय में सेमेस्टर प्रणाली लागू नहीं की जा

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सतपथी समुन्यू ने बताया कि विभाग को पिछले वर्ष चार नवम्बर को डीयू की तरफ से अंग्रेजी विषय में सेमेस्टर प्रणाली के अनुरूप रिवाइज सेलेबस तैयार करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी विषय केवल अंग्रेजी (ऑनर्स) में ही नहीं पढ़ाया जाता बल्कि यह विषय बीएससी, बीएससी ऑनर्स, बीए, बीए ऑनर्स, गणित, अर्थशास्त्र, आदि कई कोर्सों में पढ़ाया जाता है।